भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 546

जिसका उत्तर 22 जुलाई, 2026 को दिया जाना है।

31 आषाढ़, 1948 (शक)

सोशल मीडिया अकाउंटों की हैकिंग

546. श्रीमती माला रायः

क्या **इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री** वह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत दो वर्षों के दौरान भारत सरकार के कैबिनेट मंत्रियों और संसद सदस्यों के कितने सोशल मीडिया अकाउंट (व्हाट्सएप, 'एक्स' और इंस्टाग्राम) हैक किए गए हैं?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)

भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 70 ख के प्रावधानों के तहत साइबर सुरक्षा घटनाओं पर कार्रवाई करने के लिए राष्ट्रीय एजेंसी के रूप में नामित किया गया है।

पिछले 2 वर्षों के दौरान भारत सरकार के संसद सदस्य और मंत्रिमंडल के मंत्री के सोशल मीडिया अकाउंट (व्हाट्सएप, एक्स और इंस्टाग्राम) की हैकिंग की ऐसी किसी घटना की सूचना सीईआरटी-इन को नहीं मिली है।

******